**दिनांक : 16/07/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

ऽ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब को देंगे विकास कार्यों की सौगात

ऽ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 'फेथ कॉन्क्लेव 2026' में निवेशकों से करेंगे संवाद

ऽ प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी होने से बढ़ी चिंता, आज कई जगह चेतावनी

ऽ और

ऽ भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा मैच आज

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन पर जींद और सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाएंगे। श्री मोदी जींद के एकलव्य स्टेडियम में लगभग 14 हजार सात सौ करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

दिल्ली फेथ कॉन्क्लेव 2026

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नई दिल्ली में दो दिवसीय 'फेथ कॉन्क्लेव 2026' में सम्मिलित होंगे। फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय अतुल्य भारतरू अमूल्य अर्थशास्त्र है। कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य पर्यटन के माध्यम से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय उन्नति को गति देना है। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के इस शीर्ष निकाय के मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति मध्यप्रदेश में पर्यटन निवेश और विकास की नई संभावनाओं को रेखांकित करेंगे। वहीं, डॉ. यादव भारत टेक्स-2026 में शामिल होंगे। नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ो भारत और विदेशों के प्रमुख कपड़ा निवेशकों और उद्योग प्रमुखों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने वाली नीतियों और कपड़ा क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर भी चर्चा करेंगे।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, विकास

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी युवा, नारी, किसान और गरीब वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश भर से आये सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आव्हान किया कि वे राज्य शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर केन्द्रीत रील्स बनायें, ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

बाइट: मुख्यमंत्री

पुरी-रथ यात्रा

भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की रथ यात्रा आज ओडिशा के पुरी में शुरू हो रही है। विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहन रथों में विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देते हुए श्री गुंडिचा मंदिर जाते हैं, जिसे भगवान जगन्नाथ के मामा का निवास स्थान माना जाता है। लगभग 3 किलोमीटर की इस यात्रा का समापन श्री गुंडिचा मंदिर में होगा।

पदोन्नति आभार

प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पदोन्नति प्राप्त होने पर कल इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया और उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदोन्नत पुलिस अधिकारियों को बैच लगाकर सम्मानित किया तथा उन्हें शुभकामनाएं देते हुए बधाई प्रदान की। इस दौरान राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पदोन्नति मिलने पर मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

सेमीकंडक्टर भारत

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की दीर्घकालिक सेमीकंडक्टर रणनीति को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल ग्लोबल चिप डिजाइन सर्विसेज का केंद्र रहने के बजाय अपनी खुद की बौद्धिक संपदा और उत्पाद बनाने वाली कंपनियां खड़ी करेगा। श्री वैष्णव ने कहा कि...

बाइट -

रेलवे टिकट आसान

आईआरसीटीसी ने रेल यात्रियों को बेहतर और तेज टिकट बुकिंग अनुभव देने के लिए अपनी नई वेबसाइट का बीटा वर्जन लॉन्च कर दिया है, जिसे ट्रायल के तौर पर यूजर्स के लिए उपलब्ध कराया गया है। नए पोर्टल में चार बड़े सुधार किए गए हैं, जिसमें सबसे पहले यात्रियों को बेवजह के कैप्चा, पॉप-अप और ध्यान भटकाने वाले ग्राफिक्स से राहत मिलेगी। इसके साथ ही अब यात्रियों को सभी श्रेणियों में सीट उपलब्धता की जानकारी एक ही जगह दिखाई देगी और पैसेंजर डिटेल्स सेव रहने से बार-बार जानकारी भरने की जरूरत नहीं होगी।

अर्बन चैलेंज फंड

प्रदेश के नगरीय विकास को नई ऊंचाई देने के लिए केंद्र सरकार ने अर्बन चौलेंज फंड के तहत 2,753.10 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के कमिश्नर, आईएएस संकेत भोंडवे के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व और दूरदर्शी दृष्टिकोण के चलते दिल्ली की उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के प्रस्तावों को त्वरित स्वीकृति मिली। इस योजना से इंदौर, जबलपुर और रीवा में आधुनिक जल प्रदाय और सीवरेज सिस्टम का सुदृढ़ीकरण होगा। साथ ही, उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से कालभैरव और मंगलनाथ सहित 11 ऐतिहासिक मंदिर परिसरों का कायाकल्प कर भव्य कॉरिडोर बनाए जाएंगे।

मौसम अपडेट

प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी होने से कई जिलों में सामान्य से कम बारिश होने से चिंता बढ़ रही है। वहीं, तेज गर्मी और भीषण उमस ने लोगों को परेशान कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में कोई मजबूत सिस्टम सक्रिय नहीं है, जिससे अगले कुछ दिनों तक केवल हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। हालांकि, आगामी 19 जुलाई से बंगाल की खाड़ी में एक नया वेदर सिस्टम सक्रिय होने जा रहा है, जिसके बाद प्रदेश में एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होगा। फिलहाल आज बैतूल, रीवा, शहडोल, छिंदवाड़ा और मंडला सहित 20 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ने और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है, जबकि शेष जिलों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है।

क्रिकेट भारत बनाम इंग्लैंड

पुरुष क्रिकेट में, भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा मैच आज शाम साढ़े पांच बजे कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में खेला जाएगा। इससे पहले, भारत ने बर्मिंघम के एडजबेस्टन में खेले गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया था।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

ऽ ''खंडवा जिले में'' किसानों से 31 जुलाई तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का अनिवार्य बीमा कराने की अपील की गई है।

ऽ ' ''झाबुआ जिले में'' कलेक्टर ने स्कूलों का औचक निरीक्षण कर देरी से आए दो शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया।

ऽ ' ''आगरमालवा जिले में'' सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कलेक्टर और एसपी ने प्रस्तावित पड़ाव स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया।

ऽ ' ''जबलपुर जिले में'' भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की भव्य रथयात्रा आज धूमधाम से शुरू हुई।

ऽ ' ''अशोकनगर जिले में'' केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तीन दिवसीय दौरे पर हैं, जहां वे जनसुनवाई और स्व-सहायता समूहों से संवाद करेंगे।

ऽ ' ''नर्मदापुरम जिले में'' जगदीश मंदिर और डोंगरवाड़ा धाम से भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथयात्रा आज भव्य नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई।

ऽ ' ''भोपाल जिले में'' जिला बार एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई है।

ऽ ' ''इंदौर जिले में'' मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आबू धाबी के लिए प्रदेश की पहली सीधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवा को हरी झंडी दिखाई।

ऽ ' ''रायसेन जिले के सांची में'' अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का पीएम मोदी कल शुभारंभ करेंगे।

ऽ ' ''पन्ना जिले में'' श्री जुगल किशोर सरकार धाम में भव्य कलश यात्रा के साथ 15 दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण महोत्सव शुरू हुआ।

ऽ ' ''इंदौर जिले में'' एससी-एसटी वर्ग के होनहार अभ्यर्थियों के लिए एमपीपीएससी 2027 की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

ऽ ' ''मंडला जिले में'' महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए स्व-सहायता समूहों और पायलट मशरूम फार्म कंपनी के बीच महत्वपूर्ण अनुबंध हुआ।

ऽ ' ''गुना जिले में'' मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखे फोड़ने वाली बुलेट और अवैध हूटर लगाने वाले वाहनों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की।

ऽ ' ''दमोह जिले में'' कलेक्टर ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर छह शराब दुकानों को सील कर दिया है।

ऽ ' ''शिवपुरी जिले में'' प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत
स्वीकृत और लंबित आवासों के निर्माण को शीघ्र पूरा करने की समीक्षा की गई।

ऽ ' ''शाजापुर जिले में'' युवाओं को जागरूक करने के लिए 15 दिवसीय नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की शुरुआत की गई है।

-------------

(1) दिल्ली फेथ कॉन्क्लेव 2026

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नई दिल्ली में दो दिवसीय 'फेथ कॉन्क्लेव 2026' में सम्मिलित होंगे। फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय अतुल्य भारतरू अमूल्य अर्थशास्त्र है। कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य पर्यटन के माध्यम से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय उन्नति को गति देना है। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के इस शीर्ष निकाय के मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति मध्यप्रदेश में पर्यटन निवेश और विकास की नई संभावनाओं को रेखांकित करेंगे। वहीं, डॉ. यादव भारत टेक्स-2026 में शामिल होंगे। नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ि भारत और विदेशों के प्रमुख कपड़ा निवेशकों और उद्योग प्रमुखों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने वाली नीतियों और कपड़ा क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर भी चर्चा करेंगे।

(2) सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, विकास

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी युवा, नारी, किसान और गरीब वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश भर से आये सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आव्हान किया कि वे राज्य शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर केन्द्रीत रील्स बनायें, ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

**बाइट: मुख्यमंत्री**

(3) अर्बन चैलेंज फंड

प्रदेश के नगरीय विकास को नई ऊंचाई देने के लिए केंद्र सरकार ने अर्बन चौलेंज फंड के तहत 2,753.10 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के कमिश्नर, आईएएस संकेत भोंडवे के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व और दूरदर्शी दृष्टिकोण के चलते दिल्ली की उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के प्रस्तावों को त्वरित स्वीकृति मिली। इस योजना से इंदौर, जबलपुर और रीवा में आधुनिक जल प्रदाय और सीवरेज सिस्टम का सुदृढ़ीकरण होगा। साथ ही, उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से कालभैरव और मंगलनाथ सहित 11 ऐतिहासिक मंदिर परिसरों का कायाकल्प कर भव्य कॉरिडोर बनाए जाएंगे।

(4) मौसम अपडेट

प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी होने से कई जिलों में सामान्य से कम बारिश होने से चिंता बढ़ रही है। वहीं, तेज गर्मी और भीषण उमस ने लोगों को परेशान कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में कोई मजबूत सिस्टम सक्रिय नहीं है, जिससे अगले कुछ दिनों तक केवल हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। हालांकि, आगामी 19 जुलाई से बंगाल की खाड़ी में एक नया वेदर सिस्टम सक्रिय होने जा रहा है, जिसके बाद प्रदेश में एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होगा। फिलहाल आज बैतूल, रीवा, शहडोल, छिंदवाड़ा और मंडला सहित 20 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ने और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है, जबकि शेष जिलों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है।

---------------

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब को देंगे विकास कार्यों की सौगात
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 'फेथ कॉन्क्लेव 2026' में निवेशकों से करेंगे संवाद
- प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी होने से बढ़ी चिंता, आज कई जगह चेतावनी
- भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा मैच आज

**अब समाचार विस्तार सेः–**

**प्रधानमंत्री दौरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन पर जींद और सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाएंगे। श्री मोदी जींद के एकलव्य स्टेडियम में लगभग 14 हजार सात सौ करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

**दिल्ली फेथ कॉन्क्लेव 2026**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नई दिल्ली में दो दिवसीय 'फेथ कॉन्क्लेव 2026' में सम्मिलित होंगे। फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय अतुल्य भारतरू अमूल्य अर्थशास्त्र है। कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य पर्यटन के माध्यम से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय उन्नति को गति देना है। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के इस शीर्ष निकाय के मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति मध्यप्रदेश में पर्यटन निवेश और विकास की नई संभावनाओं को रेखांकित करेंगे। वहीं, डॉ. यादव भारत टेक्स–2026 में शामिल होंगे। नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भारत और विदेशों के प्रमुख कपड़ा निवेशकों और उद्योग प्रमुखों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने वाली नीतियों और कपड़ा क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर भी चर्चा करेंगे।

**सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, विकास**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी युवा, नारी, किसान और गरीब वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश भर से आये सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आव्हान किया कि वे राज्य शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर केन्द्रीत रील्स बनायें, ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

**पुरी–रथ यात्रा**

भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की रथ यात्रा आज ओडिशा के पुरी में शुरू हो रही है। विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ और उनके भाई–बहन रथों में विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देते हुए श्री गुंडिचा मंदिर जाते हैं, जिसे भगवान जगन्नाथ के मामा का निवास स्थान माना जाता है। लगभग 3 किलोमीटर की इस यात्रा का समापन श्री गुंडिचा मंदिर में होगा।

## पदोन्नति आभार

प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पदोन्नति प्राप्त होने पर कल इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया और उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदोन्नत पुलिस अधिकारियों को बैच लगाकर सम्मानित किया तथा उन्हें शुभकामनाएं देते हुए बधाई प्रदान की। इस दौरान राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों ने भी पदोन्नति मिलने पर मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सेमीकंडक्टर भारत

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की दीर्घकालिक सेमीकंडक्टर रणनीति को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल ग्लोबल चिप डिजाइन सर्विसेज का केंद्र रहने के बजाय अपनी खुद की बौद्धिक संपदा और उत्पाद बनाने वाली कंपनियां खड़ी करेगा। श्री वैष्णव ने कहा कि...

## रेलवे टिकट आसान

आईआरसीटीसी ने रेल यात्रियों को बेहतर और तेज टिकट बुकिंग अनुभव देने के लिए अपनी नई वेबसाइट का बीटा वर्जन लॉन्च कर दिया है, जिसे ट्रायल के तौर पर यूजर्स के लिए उपलब्ध कराया गया है। नए पोर्टल में चार बड़े सुधार किए गए हैं, जिसमें सबसे पहले यात्रियों को बेवजह के कैप्चा, पॉप–अप और ध्यान भटकाने वाले ग्राफिक्स से राहत मिलेगी। इसके साथ ही अब यात्रियों को सभी श्रेणियों में सीट उपलब्धता की जानकारी एक ही जगह दिखाई देगी और पैसेंजर डिटेल्स सेव रहने से बार–बार जानकारी भरने की जरूरत नहीं होगी।

## अर्बन चैलेंज फंड

प्रदेश के नगरीय विकास को नई ऊंचाई देने के लिए केंद्र सरकार ने अर्बन चौलेंज फंड के तहत 2,753.10 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के कमिश्नर, आईएएस संकेत भोंडवे के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व और दूरदर्शी दृष्टिकोण के चलते दिल्ली की उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के प्रस्तावों को त्वरित स्वीकृति मिली। इस योजना से इंदौर, जबलपुर और रीवा में आधुनिक

जल प्रदाय और सीवरेज सिस्टम का सुदृढ़ीकरण होगा। साथ ही, उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से कालभैरव और मंगलनाथ सहित 11 ऐतिहासिक मंदिर परिसरों का कायाकल्प कर भव्य कॉरिडोर बनाए जाएंगे।

## मौसम अपडेट

प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी होने से कई जिलों में सामान्य से कम बारिश होने से चिंता बढ़ रही है। वहीं, तेज गर्मी और भीषण उमस ने लोगों को परेशान कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में कोई मजबूत सिस्टम सक्रिय नहीं है, जिससे अगले कुछ दिनों तक केवल हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। हालांकि, आगामी 19 जुलाई से बंगाल की खाड़ी में एक नया वेदर सिस्टम सक्रिय होने जा रहा है, जिसके बाद प्रदेश में एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होगा। फिलहाल आज बैतूल, रीवा, शहडोल, छिंदवाड़ा और मंडला सहित 20 से अधिक जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ने और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है, जबकि शेष जिलों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है।

## क्रिकेट भारत बनाम इंग्लैंड

पुरुष क्रिकेट में, भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा मैच आज शाम साढ़े पांच बजे कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में खेला जाएगा। इससे पहले, भारत ने बर्मिंघम के एडजबेस्टन में खेले गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया था।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- ''खंडवा जिले में'' किसानों से 31 जुलाई तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का अनिवार्य बीमा कराने की अपील की गई है।
- ' ''झाबुआ जिले में'' कलेक्टर ने स्कूलों का औचक निरीक्षण कर देरी से आए दो शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया।
- ' ''आगरमालवा जिले में'' सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कलेक्टर और एसपी ने प्रस्तावित पड़ाव स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया।
- ' ''जबलपुर जिले में'' भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की भव्य रथयात्रा आज धूमधाम से शुरू हुई।
- ' ''अशोकनगर जिले में'' केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तीन दिवसीय दौरे पर हैं, जहां वे जनसुनवाई और स्व–सहायता समूहों से संवाद करेंगे।
- ' ''नर्मदापुरम जिले में'' जगदीश मंदिर और डोंगरवाड़ा धाम से भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथयात्रा आज भव्य नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई।

- ' ''भोपाल जिले में'' जिला बार एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई है।
- ' ''इंदौर जिले में'' मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आबू धाबी के लिए प्रदेश की पहली सीधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवा को हरी झंडी दिखाई।
- ' ''रायसेन जिले के सांची में'' अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का पीएम मोदी कल शुभारंभ करेंगे।
- ' ''पन्ना जिले में'' श्री जुगल किशोर सरकार धाम में भव्य कलश यात्रा के साथ 15 दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण महोत्सव शुरू हुआ।
- ' ''इंदौर जिले में'' एससी–एसटी वर्ग के होनहार अभ्यर्थियों के लिए एमपीपीएससी 2027 की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- ' ''मंडला जिले में'' महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए स्व–सहायता समूहों और पायलट मशरूम फार्म कंपनी के बीच महत्वपूर्ण अनुबंध हुआ।
- ' ''गुना जिले में'' मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखे फोड़ने वाली बुलेट और अवैध हूटर लगाने वाले वाहनों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की।
- ' ''दमोह जिले में'' कलेक्टर ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर छह शराब दुकानों को सील कर दिया है।
- ' ''शिवपुरी जिले में'' प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत और लंबित आवासों के निर्माण को शीघ्र पूरा करने की समीक्षा की गई।
- ' ''शाजापुर जिले में'' युवाओं को जागरूक करने के लिए 15 दिवसीय नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की शुरुआत की गई है।

————————————